HEAD

DEPARTMENT OF GEOGRAPHY

University College of Social Sciences & Humanities

Mohanlal Sukhadia University Udaipur- 313001

geography@mlsu.ac.in

No. MLSU/Geog./Prac.Exam/2024-25/555

Date: 28.03.2025

सूचना

स्नातक (भूगोल) तृतीय सेमेस्टर (नियमित एवं SFS) NEP की प्रायोगिक एवं डिफाल्टर आंतरिक परीक्षा 2024–25 का परीक्षा कार्यक्रम

बी.ए. (स्नातक) नियमित एवं स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम के सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि **बी.ए. तृतीय सेमेस्टर (भूगोल) प्रायोगिक परीक्षा एवं आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा** निम्न कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जाएँगी :

कक्षा	रोल नम्बर	दिनांक	लिखित परीक्षा का समय
बी.ए. तृतीय सेमेस्टर (नियमित एवं स्ववित्तपोषित)	सभी विद्यार्थी	07.04.2025	प्रातः 09:30 बजे से

सभी परीक्षार्थी परीक्षा हेतु निम्नलिखित निर्देशों का आवश्यक रूप से पालन करेंगे :

(1) परीक्षा स्थल, महाविद्यालय के **कमरा नं. 319 से 325** के समक्ष परीक्षा समय से आधा घण्टा पूर्व उपस्थित होंगे।

(2) परीक्षा हेतु प्रायोगिक फाइल आवश्यक रूप से साथ लावें। फाईलें परीक्षक के निर्देशानुसार जगह पर रखें।

(3) लिखित परीक्षा के अतिरिक्त मौखिक परीक्षा भी होगी। लिखित एवं मौखिक परीक्षा पूर्ण होने तक आंतरिक परीक्षक अथवा विभागाध्यक्ष की अनुमति के बिना परीक्षा स्थल न छोड़ें।

(4) परीक्षा में सामान्य कैलकुलेटर प्रयोग करने की अनुमति होगी। साइंटिफिक कैलकुलेटर प्रयोग करना वार्जित होगा।

(5) परीक्षा कक्ष के भीतर मोबाईल रखना पूर्णतः वर्जित रहेगा। परीक्षार्थी स्वयं के उत्तरदायित्व पर मोबाइल लाएँ। विभाग द्वारा मोबाइल रखने हेतु कोई व्यवस्था नहीं की जाएगी।

(6) जिन विद्यार्थियों के रोल नम्बर जारी नहीं हुए है वे विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग से अनुमति पत्र एवं चालान नम्बर युक्त फीस रसीद की फोटोप्रति आवश्यक रूप से साथ लेकर आएँ।

(7) विद्यार्थीयों को अपना प्रवेश पत्र, फाटो आइडी कार्ड (कॉलेज आइडी, आधार कार्ड इत्यादि) साथ में लाना आवश्यक है।

विभागाध्यक्ष

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :

1. अधिष्ठाता, सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर को विद्यार्थी सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करने एवं परीक्षा हेतु उक्त कक्ष उपलब्ध करवाने के आग्रह सहित हेतु।
2. परीक्षा नियंत्रक, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर को सूचनार्थ।
3. निदेशक, कम्प्यूटर सेंटर को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने के आग्रह सहित।
3. समस्त संकाय सदस्य, भूगोल विभाग, सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर
4. स्नातक सूचना पट्ट भूगोल विभाग।
6. रक्षित पत्रावली।

विभागाध्यक्ष

HEAD
DEPARTMENT OF GEOGRAPHY
U.C.S.S.H. M.L. SUKHADIA UNIVERSITY
UDAIPUR (Rajasthan)

HEAD

DEPARTMENT OF GEOGRAPHY

University College of Social Sciences & Humanities

Mohanlal Sukhadia University Udaipur- 313001

E-mail: geography@mlsu.ac.in

क्र. मोलासुवि / भूगोल / परीक्षा / स्नातक / 2024–25 / 556 दिनांक: 28.03.2025

सूचना

भूगोल B.A तृतीय सेमेस्टर (नियमित एवं SFS) NEP की प्रायोगिक एवं डिफाल्टर आंतरिक परीक्षा 2024–25 के संदर्भ में।

बी.ए. तृतीय सेमेस्टर भूगोल (NEP कार्यक्रम) के समस्त विद्यार्थियों (नियमित एवं SFS) को सूचित किया जाता है कि सत्र 2024–25 की भूगोल प्रायोगिक विषय Scale and Representation of Relief की सेमेस्टर अंत (End of Semester) एवं आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा **दिनांक 07.04.2025 को 09:30 बजे से आयोजित की जाएगी।** सभी विद्यार्थी अपने प्रायोगिक रिकॉर्ड (फाइलें) संबंधित शिक्षकों से **दिनांक 02 अप्रेल 2025** तक चेक करा लें।

बी.ए. तृतीय सेमेस्टर के जिन विद्यार्थियों ने सैद्धान्तिक विषयों की आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा पूर्व में नहीं दी है, महाविद्यालय अधिष्ठाता कार्यालय में 'डिफाल्टर' फीस जमा करवा कर प्रातः 9:00 बजे कमरा नं. 321 के सामने डिफाल्टर आंतरिक परीक्षा हेतु उपस्थित हों। फीस की रसीद साथ लेकर आएं।

इसके पश्चात् कोई डिफाल्टर परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी।

जिन विद्यार्थियों के किसी भी **सैद्धान्तिक** विषय का आंतरिक **मूल्यांकन** कार्य (Internal Assignment) **बाकी है वे परीक्षा के पश्चात् संबंधित शिक्षक को जमा करवा दें। इसके पश्चात् आंतरिक मूल्यांकन** का कोई भी भाग बाकी रहने पर **परीक्षार्थी** को अनुपस्थित मानते हुए परिणाम **विश्वविद्यालय** को प्रेषित कर दिया जाएगा एवं इस संबंध में विभाग का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।

विभागाध्यक्ष

प्रतिलिपिः सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :

1. अधिष्ठाता, विश्वविद्यालय सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर को सूचना स्नातक सूचना पट्ट पर चस्पा करने एवं यथासंभव स्नातक विद्यार्थियों में प्रसारित करने के आग्रह सहित।
2. परीक्षा नियंत्रक, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर को सूचनार्थ।
3. निदेशक, कम्प्यूटर सेंटर को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने के आग्रह सहित।
4. समन्वयक, स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम, सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर।
5. समस्त संबंधित शिक्षक, भूगोल विभाग, सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर।
6. स्नातक सूचना पट्ट।
7. रक्षित पत्रावली।

विभागाध्यक्ष

HEAD
DEPARTMENT OF GEOGRAPHY
U.C.S.S.H. M.L. SUKHADIA UNIVERSITY